











# डी. ए. वी. पी. जी. कालेज

## गोरखपुर

## विवरणिका 2025-26



# विवरणिका एवं प्रवेश निर्देशिका




: https://davpgcollegegkp.in
: principaldavpgc@gmail.com
: 0551-3500218



# डी० ए० वी० पी० जी० कालेज, गोरखपुर

डी.ए.वी. पी.जी. कालेज, गोरखपुर की स्थापना आर्यन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गोरखपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य से वर्ष 1970 में की गई। दयानन्द सरस्वती के जन्म दिवस के 200वें वर्ष पर राष्ट्रनिर्माण में शिक्षा के उद्देश्य की सार्थकता हेतु डी.ए.वी पी.जी. कालेज सतत् प्रयासरत है। प्रारम्भिक दौर में स्नातक कला संकाय की कक्षाओं के संचालन हेतु मान्यता प्रदान की गई, किन्तु एक वर्ष के अन्तराल में ही बी.एससी. जीव विज्ञान एवं गणित वर्ग की कक्षाओं हेतु स्वीकृति प्राप्त हो गई। राजनीति शास्त्र एवं इतिहास (मध्यकालीन एवं आधुनिक) की स्नातकोत्तर विषय की कक्षाओं का स्ववित्तपोषित योजना के अर्न्तगत वर्ष 2006 में संचालन प्रारम्भ किया गया। इसी विकास यात्रा के क्रम में बी.कॉम. की कक्षायें 2019 से एवं 2024 से एम.एससी. (बॉटनी) एवं बी.सी.ए. की कक्षायें सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं एवं महाविद्यालय अन्य विषयों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त करने हेतु प्रयासरत है।

मैं पूर्ण विश्वास से कह सकती हूँ कि हमारे विद्यार्थी इस शिक्षण-संस्थान में प्रवेश लेकर न केवल अपने शैक्षिक विकास को सुनिश्चित करेंगे, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों से समृद्ध होकर समाज और राष्ट्र के लिए गौरव बनेंगे। उनकी उपलब्धियाँ ही महाविद्यालय की असली पहचान बनेंगी।

**डॉ. शैल पाण्डे**
**प्राचार्य**

**नोट**

**प्रवेश फार्म के साथ उपलब्ध विवरणिका को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद ही फॉर्म भरें जिससे गलती की संभावना कम से कम रहे।**













## प्रवेश फार्म प्राप्ति : सूचना एवं नियम

बी0 ए0 / बी0 एस–सी0 / बी.काम. / बी.सी.ए. / एम. ए. एवं एम. एस–सी. वनस्पित विज्ञान में प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन होगी। दी.द.उ.गो.वि.वि. से सम्बद्ध महाविद्यालय में DDURN पर पंजीकरण अनिवार्य है। इस हेतु आप सभी दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय की प्रवेश संबंधी अधिकारिक वेबसाइट http:/dduguadmission.in/ पर जायें। इच्छुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय पर जाकर प्रवेश सम्बन्धी सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होगी।

स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षापरिषद की इण्टरमीडिएट या समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**एम.ए. में प्रवेश हेतु विषय की बाध्यता नहीं है।** अलग–अलग कक्षाओं के लिये अलग–अलग आवेदन–पत्र जमा करना होगा। किसी भी दशा में एक कक्षा में भरा गया आवेदन–पत्र दूसरे कक्षा के लिये स्थानान्तरित नहीं होगा, तथा आवेदन–पत्र जमा होने के पश्चात् कोई भी अधिभार या जाति प्रमाण–पत्र नहीं लिया जायेगा।

प्रवेश आवेदन–पत्र समस्त संलग्नकों सहित महाविद्यालय में जमा होगा। आवेदन–पत्र जमा करने के उपरान्त जमा रसीद अवश्य प्राप्त करें।

**DDURN पंजीकरण की प्रक्रिया**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं उसके संबद्ध सभी महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश से पूर्व नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना पंजीकरण (DDURN) कराना अनिवार्य है। पंजीकरण शुल्क ₹100/– निर्धारित है।

**पंजीकरण की प्रक्रिया:**

1. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रवेश संबंधी आधिकारिक वेबसाइट https://dduguadmission.in/ पर जाएं।
2. वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक **"Click here for Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University Registration Number"** पर क्लिक करें।
3. खुले हुए पेज के दाहिनी ओर स्थित "New Registration" पर क्लिक करके अपना लॉगिन आईडी (Login ID) बनाएं।
4. पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा, और एक ईमेल आईडी से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसलिए मान्य (सही और सक्रिय) ईमेल आईडी का ही उपयोग

करें, क्योंकि ओटीपी (OTP) उसी ईमेल पर भेजा जाएगा।

5. बनाए गए Login ID एवं पासवर्ड को नोट करके सुरक्षित रखें।
6. लॉगिन ID बनाने के बाद, उसी पेज पर दाहिनी ओर "Login" पर क्लिक करें और अपना पूर्ण विवरण (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ईमेल आदि) भरकर अपनी प्रोफाइल (Profile) को पूर्ण करें।
7. प्रोफाइल पूर्ण करने के बाद ₹100/- का भुगतान वेबसाइट पर दिए गए Payment Gateway के माध्यम से करें।
8. यदि खाते से राशि कट जाए लेकिन भुगतान सफल (Successful) न हो, तो 48 घंटे तक दुबारा भुगतान न करें।
9. भुगतान सफल होते ही आपका DDURN नंबर जनरेट हो जाएगा, जिसे नोट करके सुरक्षित रखें।
10. आप अपने पंजीकरण (DDURN) का प्रिंट (Print Form) पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं।
11. यदि कोई अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे पहले पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद उसे एक DDURN नंबर प्राप्त होगा, जिसे महाविद्यालय में प्रस्तुत करने के बाद ही प्रवेश मिलेगा।

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं उसके समस्त सहयोगी महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु यह पंजीकरण अनिवार्य है। अतः सभी अभ्यर्थी कृपया इस प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखें।**

## प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ संलग्न होने वाले अभिलेख

1. हाई स्कूल अंक-पत्र एवं प्रमाण-पत्र की छायाप्रति।
2. इण्टरमीडिएट अंक-पत्र की छायाप्रति।
3. यदि आरक्षित श्रेणी के हों तो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति।
4. अधिभार/वेटेज(यदि माँगा है) से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र की छाया प्रति।
5. आधार कार्ड की छाया प्रति।
6. APAAR आई. डी.।
7. DDURN नम्बर।

नोटः सभी संलग्नकों पर अपना हस्ताक्षर अवश्य करें।



## साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किये जाने वाले अभिलेख

1. हाईस्कूल अंक-पत्र एवं प्रमाण-पत्र की मूल प्रति।
2. इण्टरमीडिएट अंक-पत्र की मूल प्रति।
3. अन्तिम विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र की मूल प्रति।
4. अन्तिम विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी0सी0) की मूल प्रति।
5. वेटेज (अधिभार) यदि माँगा है, तो इसकी पुष्टि हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्र की मूल प्रति।
6. अनुसूचित जाति / जनजाति/ पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी (जिन्होंने आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन किया है) वे सक्षम अधिकारी/मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत ग्यारह अंकों वाला कम्प्यूटरीकृत प्रमाण-पत्र की मूलप्रति प्रस्तुत करें।
7. प्रवेशार्थी की एक ही तरह की दो टिकट साइज फोटो।
8. आधार कार्ड की फोटो कापी
9. यदि इण्टरमीडिएट वर्ष 2025 के पूर्व उत्तीर्ण की है तो वर्ष-अन्तराल की नोटरी शपथ-पत्र की मूल प्रति।
10. सक्रिय मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई-डी।
11. APAAR ID अनिवार्य है।
12. DDURN नम्बर।

## प्रवेश फार्म प्राप्ति : सूचना एवं नियम

### कला संकाय

### स्नातक : बी0 ए0 प्रथम वर्ष

महाविद्यालय में स्नातक कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान तथा भूगोल सहित कुल 10 (दस) विषय हैं।

## बी.ए. हेतु विषय चयन

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपना विषय महाविद्यालय में विषयवार उपलब्ध स्थानों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक चुनें। नियमतः एक बार चुने अथवा दिए गए विषय संयोजन में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाती है।

बी.ए. में विषय का चयन वि.वि. के नियमानुसार निर्धारित ग्रुप में से किया जा सकता।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के माननीय कार्यपरिषद द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार बी०ए० (आनर्स) में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित 6 समूहों में से 02 मेजर तथा 01 माइनर विषय चुनना होगा। किसी भी स्थिति में इन्हें किसी विशिष्ट समूह से एक से अधिक विषय चुनने की अनुमति नहीं है।

| ग्रुप A | ग्रुप B | ग्रुप C | ग्रुप D | ग्रुप E | ग्रुप F |
|---|---|---|---|---|---|
| भूगोल | अंग्रेजी | हिन्दी | समाजशास्त्र | इतिहास | राजनीति विज्ञान |
| मनोविज्ञान | संस्कृत | उर्दू | अर्थशास्त्र | प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति | दर्शनशास्त्र |
| दृश्य कला | शिक्षाशास्त्र | पालि | | | |
| मंच कला | | गणित | | | |
| गृह विज्ञान | | | | | |
| रक्षा अध्ययन एवं स्त्रात्रजिक अध्ययन | | | | | |
| सांख्यिकी | | | | | |
| शरीरिक शिक्षा | | | | | |

नोट : 1. साँख्यिकी विषय चुनने वाले अभ्यर्थियों के लिए गणित विषय चुनना अनिवार्य है।

2. भूगोल विषय का चयन केवल वे अभ्यर्थी ही कर सकते हैं, जिन्होंने 12वीं कक्षा में यह विषय पढ़ा हो अथवा विज्ञान संवर्ग से इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
3. गृह विज्ञान विषय का चयन केवल वे अभ्यर्थी ही कर सकते हैं, जिन्होंने 12वीं कक्षा में यह विषय पढ़ा हो अथवा विज्ञान संवर्ग से इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीण की हो।

विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के संसाधनों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विषय के छात्र/छात्राओं की अधिकतम प्रवेशित संख्या निर्धारित है। प्रवेश के समय विषय का आवंटन, सीटों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।

**नोटः** जिन छात्र/छात्राओं ने इण्टरमीडिएट परीक्षा विज्ञान विषय से उत्तीर्ण किया है वे बी0 ए0 में भी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

## विज्ञान संकाय

महाविद्यालय में बी0 एस–सी0 प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी अपने इण्टरमीडिएट के विषय के अनुसार विषय–समूह का चयन कर सकते हैं –

**गणित वर्ग** : रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित।



**जीव विज्ञान वर्ग** : रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।

इण्टर गणित से उत्तीर्ण विद्यार्थी गणित वर्ग में एवं इण्टर जीव विज्ञान से उत्तीर्ण जीव विज्ञान वर्ग में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

## स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर बी.काम और बी.सी.ए. एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए. राजनीतिविज्ञान एवं इतिहास (मध्यकालीन एवं आधुनिक) और एम0एस0सी0 (बॉटनी) विषय हेतु मान्यता शासन द्वारा स्वीकृत है।

### स्नातकोत्तर पाठयक्रम

**इन कक्षाओं में सीटें निम्नवत् हैं–**

1. एम0 एस–सी0 वनस्पति विज्ञान – 22 सीट
2. एम0 ए0 प्रथम वर्ष राजनीतिविज्ञान – 78 सीट
3. एम0 ए0 प्रथम वर्ष इतिहास – 78 सीट
   (मध्यकालीन एवं आधुनिक)

**एम0एस0–सी0 में प्रवेश हेतु बी0एस0 सी0 वनस्पति विज्ञान से उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।**

**एम.ए. में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर विषय की बाध्यता समाप्त कर दी गई है।**

## वाणिज्य संकाय

4. बी.काम. – 234 सीट

इण्टरमीडिएट किसी भी विषय से 40% के साथ उत्तीर्ण

## बी. सी. ए.

5. बी. सी. ए. – 66 सीट

किसी भी वर्ग से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

## प्रवेश : सूचना एवं नियम

1. योग्यता प्रदायी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात एक वर्ष के अन्तराल पर 5 प्रतिशत एवं दो वर्ष के अन्तराल पर 7 प्रतिशत अंक की कटौती करके मेरिट की गणना की जायेगी। ऐसे अभ्यर्थी को अन्तराल (गैप) के लिये स्पष्टीकरण देते हुए नोटरी शपथ–पत्र देना होगा।
2. सक्रिय मोबाइल नम्बर व ई–मेल फार्म पर अंकित करें जिससे आश्यक सूचना दिया जा सके।

## अनुमन्य वेटेजः अधिभार

* छात्राओं के लिए 3 प्रतिशत।
* एन0 सी0 सी0– 'सी' सर्टिफिकेट–धारक 3 प्रतिशत।
* एन0 सी0 सी0– 'बी' सर्टिफिकेट–धारक 2 प्रतिशत।
* राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी को 3 प्रतिशत।
* शारीरिक रूप से विकलांगों के लिये 3 प्रतिशत।
* अन्तर जनपदीय/प्रदेश स्तरीय खिलाड़ियों को 2 प्रतिशत
* स्व. सं. सेनानी, भू. सैनिकों के आश्रितों के लिए 2 प्रतिशत।
* स्काउट/गाइड/ एन.एस.एस. 2 प्रतिशत।
* महाविद्यालय के शिक्षकों/कर्मचारियों के आश्रितों को 10 प्रतिशत।

**महाविद्यालय बिना कारण बताये किसी भी आवेदक का प्रवेश अस्वीकृत करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।**

## परिचय पत्र

छात्र/छात्राओं को अपना शुल्क जमा करने के तत्काल बाद **टिकट साईज की अपनी दो फोटो** नियंता कार्यालय में जमा कर परिचय–पत्र प्राप्त कर लेना चाहिए। परिचय–पत्र सदैव महाविद्यालय परिसर में अपने साथ रखना अनिवार्य है। प्रत्येक परिवर्तित पते की सूचना तत्काल नियंता कार्यालय में दी जानी चाहिए।

## अनुशासन

महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण, शान्तिपूर्ण व्यवस्था एवं सुचारू पठन–पाठन का वातावरण बनाये रखने की जिम्मेदारी विद्यार्थियों की है। महाविद्यालय प्रत्येक छात्र से यह आशा करता है कि वह कक्षाओ के भीतर और बाहर उच्चस्तरीय अनुशासन प्रदर्शित करेगा। प्रत्येक स्थान तथा समय पर किसी प्रकार के अनुचित एवं अवांछित व्यवहार के लिये, जिससे नियन्ता समिति की राय में महाविद्यालय के सम्मान को धक्का लगता हो, उचित दण्ड दिया जायेगा, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय से निष्कासन भी सम्भव है। प्रवेशार्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद नहीं होना चाहिए, एवं भविष्य में अगर कोई आपराधिक एफ. आई. आर. दर्ज होगा तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

परिसर में रैंगिंग पूर्णतया प्रतिबंधित है एवं यह दण्डनीय अपराध है।



## मोबाइल

**मोबाइल का क्लास रूम में प्रयोग दण्डनीय होगा। मोबाइल अपने बैग में रखें तथा विशेष परिस्थितियों में इमरजेन्सी काल के लिए उपयोग में लाएँ।**

## यूनिफॉर्म

महाविद्यालय में छात्रों/छात्राओं के लिए महाविद्यालय में निर्धारित यूनीफॉर्म में आना अनिवार्य है। सभी विद्यार्थियों को निर्धारित यूनीफॉर्म में ही महाविद्यालय परिसर में प्रवेश मिलेगा।

## उपस्थिति

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम दिवस उपस्थिति सम्बन्धी नियम निम्नवत् हैं–

''किसी विद्यार्थी को नियमित छात्र के रूप में विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक वह कम से कम 75 प्रतिशत दिये गये व्याख्यानों एवं प्रयोगात्मक कक्षाओं में उपस्थित रहा हो।''

## छात्रवृत्ति एवं शुल्क मुक्ति सुविधा

प्रवेशित छात्र/छात्राओं में से आय एवं योग्यता के आधार पर शासन एवं महाविद्यालय स्तर पर कुछ विद्यार्थियों को शुल्क मुक्ति सुविधा एवं छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिसकी निरन्तरता के निमित्त निरन्तर संतोषप्रद कार्य अपेक्षित है। शुल्क मुक्ति एवं छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि हेतु सूचना पट्ट देखें। इस प्रकार की सहायता हेतु अभ्यर्थी के नाम से आधार से लिंक बैंक खाता एवं 75% उपस्थिति अनिवार्य है।

## कॉशनमनी

प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्रवेश के समय देय कॉशनमनी महाविद्यालय की किसी नष्ट सम्पत्ति की क्षतिपूर्ति के बाद विद्यार्थी के महाविद्यालय छोड़ने की तिथि (परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) से दो वित्तीय वर्ष के अन्दर नो–ड्यूज प्रस्तुत करने पर वापस कर दिया जायेगा।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय में सभी छात्रों हेतु पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध है।

## साइकिल स्टैण्ड

महाविद्यालय में साइकिल से आने वाले छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिए, महाविद्यालय में साइकिल रखने के लिये स्थान निर्धारित है। छात्रों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि अपनी साइकिलों में दो मजबूत ताले लगाकर ही अपनी साइकिल निर्धारित स्थान पर रखें। साइकिल स्टैण्ड पर यदि नियुक्त कर्मचारी उपस्थित नहीं है तो असुरक्षित स्थिति में साइकिल न रखें और इसकी जानकारी कार्यालय को दें। वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अपनी साइकिल की सुरक्षा का उत्तरदायित्व आप पर है, इसके लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त कार, मोटर साइकिल, हेलमेट एवं स्कूटी की जिम्मेदारी महाविद्यालय की नहीं होगी।

## परीक्षा आवेदन-पत्र

विश्वविद्यालयी परीक्षा में बैठने हेतु निर्धारित परीक्षा आवेदन-पत्र को पूरित कर जमा करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आन-लाइन व्यवस्था की गयी है। छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा फार्म में सही प्रविष्टि भरना, फोटो सहित आवश्यक प्रमाण-पत्रों को संलग्न एवं हस्ताक्षर कर महाविद्यालय द्वारा घोषित समय-सीमा में जमा करना आवश्यक होता है। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब/त्रुटि के कारण उत्पन्न परिस्थिति के लिए छात्र-छात्रा स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का अध्ययन केन्द्र

**( केन्द्र कोड - S 2112 )**

महाविद्यालय में सत्र 2024 (जनवरी) से उक्त केन्द्र का संचालन आरंभ किया गया है। इसके अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों से व्यवसाय अथवा किसी संस्थान में सेवारत महिला/पुरुष लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रतिवर्ष जनवरी व जुलाई में करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा विश्वविद्यालय के शुल्क में निःशुल्क अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध होगी।

अनुमोदित पाठ्यक्रम की सूची निम्नवत् है —

**स्नातक :** B.A., B.Sc. (Bio & Maths) B.Com; BBA, BLIS

**स्नातकोत्तर :** **M.A.** (Hindi, English; History; Ancient History; Political Science, Education, Sanskrit, Geography, statistics
**M.Com.**
**M.Sc.** (Biochemistry); statistics
MJJMC (Master of Journalism a Mass Communication)



**डिप्लोमा :** DAG, DASC, DCDN, DDT, DECE, DHEN, DRD, DVAPF, DUM, DWM

**सर्टिफिकेट :** CAC, CASC, CCCN, CCMAP, CCTT, CFD, CFS, CGST, CHR, CLPS, CNF, CNSD, COF, CPHT & amp VA; CPIC, CPLT, CPT, CRJMC, CTD, CUM, CWED, CWWT

**जागरुकता कार्यक्रम :** APAM, APAY, APCCN, APCO, APDF, APGENI, APIBS APJK, APKD, APNF, APSM & amp, FM, CAA

**विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइटः-**
**www.uprtou.ac.in**
**महाविद्यालय समन्वयक : डॉ० संजय कुमार पाण्डेय**
**मो०—9336825053**

## शिक्षणेत्तर क्रिया-कलाप

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास हेतु एन. सी.सी., रोवर्स एवं रेंजर्स एवं एन.एस.एस. की सुविधाएँ छात्र/छात्राओं के लिए उपलब्ध हैं। इसमें प्रशिक्षित छात्र/छात्राओं को उच्च कक्षाओं में प्रवेश एवं राजकीय सेवाओं में वरीयता प्राप्त होती है। इन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क कर समय से पंजीकरण करवा लें-

**डॉ0 संजय पाण्डेय- रोवर्स (छात्रों हेतु)**
**डॉ0 स्नेह लता त्रिपाठी - रेंजर (छात्राओं हेतु)**
**डॉ0 मनोज कुमार श्रीवास्तव- एन. सी. सी.(छात्र-छात्राओं)**
**श्रीमती प्रतिभा गुप्ता - NSS (छात्र-छात्राओं हेतु)**

## शुल्क जमा व्यवस्था

प्रवेश-समिति द्वारा स्वीकृत विषय के अनुसार निर्गत प्रवेश-अनुमति पत्र में शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि भी अंकित की जायेगी। शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि तक शुल्क जमा करना अनिवार्य है। निश्चित तिथि में शुल्क जमा न करने पर प्रवेश-अनुमति-पत्र निरस्त हो जायेगा। प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही वार्षिक शुल्क एवं सेमेस्टर परीक्षा शुल्क तथा पूरे सत्र का मासिक एवं अन्य अनिवार्य शुल्क बैंक में जमा करना होगा। निर्धारित पूर्ण शुल्क जमा रसीद ही अभ्यर्थी का प्रवेश प्रमाण है। **किसी भी दशा में किसी भी प्रकार का जमा शुल्क वापस नहीं होगा।** सत्र

2025–26 के बी0 ए0 एवं बी0 एस–सी0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जो शुल्क विवरण चार्ट में अंकित हैं, को बैंक ऑफ इण्डिया, गाँधी गली गोलघर, गोरखपुर में जमा करना होगा।

## पाठ्य विषयों में पंजीकरण

जिस पाठ्य विषय में प्रवेशार्थी को प्रवेश मिला है, वे उससे सम्बन्धित विभाग में शुल्क–जमा–रसीद एवं प्रवेश अनुमति–पत्र दिखाकर अपना लेजर नम्बर प्राप्त करें एवं अपना नाम छात्र उपस्थिति पंजिका में अंकित करायेंगे। छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरने हेतु APAAR ID बनाना अनिवार्य है।

## बढ़ी हुई सीटों पर प्रवेश

सत्र के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा सीटों में वृद्धि भी की जा सकती है। सीट वृद्धि की स्थिति में बढ़ी हुई सीटों पर प्रवेश हेतु सूचना प्राप्ति के लिए सूचना–पट्ट देखते रहें। इस हेतु अलग से प्रवेश–फार्म वितरित किया जा सकता है।

## शुल्क

सत्र– 2025–26

| कक्षा | छात्र | छात्रायें |
|---|---|---|
| बी.ए. (प्रयोगिक विषय रहित) | 5189.00 | 5057.00 |
| बी.ए. (प्रयोगिक विषय सहित) | 5479.00 | 5347.00 |
| बी.एस-सी. (गणित) | 5769.00 | 5617.00 |
| बी.एस-सी. (जीव विज्ञान) | 6059.00 | 5927.00 |

- उपर्युक्त शुल्क उत्तर प्रदेश शासन एवं दी. द. उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के निर्देशानुसार निर्धारित किया गया है।
- शासन के निर्देशानुसार छात्राओं को शिक्षण शुल्क जमा से मुक्ति प्रदान की गयी है।
- शासन/ विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर शुल्क संरचना में परिवर्तन सम्भव है।
- स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी.काम., बी.सी.ए. एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में शासनादेश के अनुसार शुल्क लिया जायेगा।



## महाविद्यालय परिवार

### शिक्षक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. शैल पाण्डे | प्राचार्य |
| 2. | डॉ. अमृता श्रीवास्तव | प्रो., समाजशास्त्र |
| 3. | डॉ. सुबोध कुमार | प्रो., राजनीति विज्ञान |
| 4. | डॉ. वेदवती सिंह | प्रो., हिन्दी |
| 5. | डॉ. प्रवीन सिन्हा | प्रो., अंग्रेजी |
| 6. | श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव | एसो. प्रो., शिक्षाशास्त्र |
| 7. | डॉ. बिन्दु कुमारी | प्रो., गणित |
| 8. | डॉ. अजय कीर्ति तिवारी | एसो. प्रो., समाजशास्त्र |
| 9. | डॉ. निरूपमा तिवारी | प्रो., रसायन विज्ञान |
| 10. | डा0 परेश सनत | प्रो., गणित |
| 11. | डा0 पूनम | एसो. प्रो., अर्थशास्त्र |
| 12. | डा0 विनोद कुमार गुप्ता | असि. प्रो., मनोविज्ञान |
| 13. | डा0 स्नेहलता त्रिपाठी | असि. प्रो., वनस्पति विज्ञान |
| 14. | डा0 संजय कुमार पाण्डेय | असि. प्रो., वनस्पति विज्ञान |
| 15. | डा0 अमरेन्द्र कु. पाण्डेय | असि. प्रो., प्राणि विज्ञान |
| 16. | डॉ0 मनोज कुमार श्रीवास्तव | असि. प्रो., भौतिक विज्ञान |
| 17. | डॉ0 राजेश कुमार राय | असि. प्रो., भौतिक विज्ञान |
| 18. | डा0 मुन्ना प्रसाद गुप्त | असि. प्रो., रसायन विज्ञान |
| 19. | श्रीमती प्रतिभा गुप्ता | असि. प्रो., अंग्रेजी |
| 20. | डॉ0 कुलदीप कु0 द्विवेदी | असि. प्रो., समाजशास्त्र |
| 21. | डा. संजय कुमार | असि. प्रो, वनस्पति विज्ञान |
| 22. | श्री अभिषेक कुमार गुप्ता | असि. प्रो., प्राणि विज्ञान |
| 23. | श्रीमती रक्षा गुप्ता | असि. प्रो., प्राणि विज्ञान |
| 24. | डा. विश्व दीपक सिंह | असि. प्रो., रसायन विज्ञान |
| 25. | श्री शिवम श्रीवास्तव | असि. प्रो., रसायन विज्ञान |
| 26. | डा. बिमलेश कुशवाहा | असि. प्रो., मनोविज्ञान |
| 27. | डा. आशाराम वर्मा | असि. प्रो., शिक्षाशास्त्र |
| 28. | डॉ. प्रीति शर्मा | असि. प्रो., इतिहास |
| 29. | डॉ. संजय श्रीवास्तव | असि. प्रो., इतिहास |
| 30. | डॉ. संजय कुमार मिश्रा | असि. प्रो., इतिहास |
| 31. | डा0 प्रमोद कुमार त्रिपाठी | असि. प्रो., वाणिज्य |
| 32. | डा0 सुगन्धा पाण्डेय | असि. प्रो., वाणिज्य |
| 33. | डा0 रागिनी दीक्षित | असि. प्रो. राजनीतिशास्त्र |
| 34. | डा0 वीनस सिंह | असि.प्रो. वनस्पति विज्ञान |
| 35. | डा0 गौरव कुमार श्रीवास्तव | असि.प्रो. वनस्पति विज्ञान |
| 36. | डा0 रजनीश राय | असि.प्रो. वनस्पति विज्ञान |

## कार्यालय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री चन्द्रमोहन श्रीवास्तव | कार्यालय अधीक्षक |
| 2. | श्री राघवेन्द्र कुमार | लिपिक |
| 3. | श्री ज्ञान प्रकाश राय | आशुलिपिक |
| 4. | श्री अंकित कुमार | लिपिक |
| 5. | श्री निगमेन्द्र प्रताप पाण्डेय | लिपिक |
| 6. | कु0 वैष्णवी सुशील | लिपिक |

## पुस्तकालय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री वीर विक्रम शाही | पुस्तकालय सहायक |
| 2. | श्री राम भवन कन्नौजिया | पुस्तकालय सहायक |

## प्रयोगशाला

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुधांशु मिश्र | प्रयोगशाला सहायक |
| 2. | श्री चन्द्रसेन सोनकर | प्रयोगशाला सहायक |
| 3. | श्री मास्टर राजीव कुमार चौधरी | प्रयोगशाला सहायक |

## कर्मचारी-गण

श्री रमाकान्त, श्री अमित राय, श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, श्री मेवा लाल गुप्ता, श्री धर्मदेव, श्री दिनेश कुमार यादव, श्री प्रेमचन्द्र, श्री यशवन्त सिंह, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री मनोज कुमार, श्री मनीष कुमार यादव, श्री जय प्रताप यादव, श्री अखिलेश कुमार, श्री राकेश कुमार यादव, श्री अली अहमद